रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-02032021-225588
CG-DL-E-02032021-225588

असाधारण
EXTRAORDINARY

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (ii)
PART II—Section 3—Sub-section (ii)

प्राधिकार से प्रकाशित
PUBLISHED BY AUTHORITY

सं. 902] नई दिल्ली, मंगलवार, मार्च 2, 2021/फाल्गुन 11, 1942
No. 902] NEW DELHI, TUESDAY, MARCH 2, 2021/PHALGUNA 11, 1942

## सूचना और प्रसारण मंत्रालय

### अधिसूचना

नई दिल्ली, 1 मार्च, 2021

**का.आ. 975(अ).**—केन्द्रीय सरकार, खेल प्रसारण सिगनल (प्रसार भारती के साथ अनिवार्य हिस्सेदारी) नियमावली, 2007 के नियम 6 के उप-नियम (1) के साथ पठित, खेल प्रसारण सिगनल (प्रसार भारती के साथ अनिवार्य हिस्सेदारी) अधिनियम, 2007 (2007 का 11) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (ध) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय की अधिसूचना संख्याक का.आ. 302(अ), तारीख 27 जनवरी, 2017 और का.आ. 56 (अ) तारीख, 2 जनवरी, 2020 को अधिक्रान्त करते हुए राष्ट्रीय महत्व के खेल आयोजन के रूप में निम्नलिखित आयोजनों को अधिसूचित करती है, अर्थात् :-

1. समर ओलंपिक
2. कॉमनवेल्थ गेम्स
3. एशियन गेम्स
4. विशेष ओलंपिक
5. पैरालिम्पिक्स
6. निम्नलिखित खेलों से संबंधित आयोजन –

**अ. टेनिस**

(क) डेविस कप – भारत प्रधानता वाले सभी मैच;

(ख) ग्रांड स्लैम टूर्नामेंट्स – पुरूष एकल, महिला एकल के फाइनल और क्वॉटर-फाइनल से आगे के भारतीय खिलाड़ियों की प्रधानता वाले सभी मैच; और

(ग) ग्रांड स्लैम टूर्नामेंट्स-क्वॉटर फाइनल से आगे के पुरूष युगल, महिला युगल या मिश्रित युगल के सभी ऐसे मैच जिनमें भारतीय खिलाड़ियों की प्रधानता है ।

**आ. हॉकी**

(क) विश्व कप-भारत प्रधानता वाले सभी मैच और सेमी-फाइनल तथा फाइनल;

(ख) चैंपियंस ट्रॉफी-भारत प्रधानता वाले सभी मैच फाइनल; और

(ग) इंदिरा गांधी महिला स्वर्ण कप – सेमी-फाइनल तथा फाइनल ।

**इ. फुटबॉल**

(क) विश्व कप – आरंभिक मैच, सेमी-फाइनल तथा फाइनल;

(ख) एशिया कप – भारत प्रधानता वाले सभी मैच और सेमी-फाइनल,

फाइनल; और

(ग) संतोष ट्रॉफी – सेमी-फाइनल तथा फाइनल ।

**ई. खेलो इंडिया गेम्स**

(क) खेलो इंडिया गेम्स;

(ख) खेलो इंडिया स्कूल गेम्स;

(ग) खेलो इंडिया यूथ गेम्स;

(घ) खेलो इंडिया विश्वविद्यालय गेम्स;

(ङ) दिव्यांगजनों के लिए खेलो इंडिया गेम्स;

(च) स्वदेशी खेलो के लिए खेलो इंडिया गेम्स।

[फा.सं. 16/3/2020-बीपीएंडएल]

नीरजा शेखर, अपर सचिव

## MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

## NOTIFICATION

New Delhi, the 1st March, 2021

**S.O. 975(E).**—In exercise of the powers conferred by clause (s) of sub-section (1) of section 2 of the Sports Broadcasting Signals (Mandatory Sharing with Prasar Bharati) Act, 2007 (11 of 2007), read with sub-rule (1) of rule 6 of the Sports Broadcast Signals (Mandatory Sharing with Prasar Bharati) Rules, 2007, and in supersession of the notifications of the Government of India in the Ministry of Information and Broadcasting number S.O. 302(E), dated the 27th January, 2017 and S.O. 56(E), dated the 2nd January, 2020, the Central Government hereby notifies following events as sporting events of national importance, namely:-

1. Summer Olympics
2. Commonwealth Games
3. Asian Games
4. Special Olympics
5. Paralympics
6. Events relating to the following sports,-

**A. Tennis**

a) Davis Cup-All matches featuring India;

b) Grand Slam Tournaments,-Finals of Men's Singles, Women's Singles and all matches featuring Indian player from quarter-finals onwards; and

c) Grand Slam Tournaments, - All such matches featuring Indian player in men's doubles, Women's doubles or Mixed doubles from quarter-finals onwards.

**B. Hockey**

a) World Cup – All matches featuring India and semi-finals and finals;

b) Champions Trophy – All matches featuring India and finals; and

c) Indira Gandhi Gold Cup for Women-Semi-finals and finals.

**C. Football**

a) World Cup – Opening match, semi-finals and finals;

b) Asia Cup – All matches featuring India and semi-finals and finals; and

c) Santosh Trophy – Semi-finals and finals.

**D. Khelo India Games**

a) Khelo India Games;

b) Khelo India School Games;

c) Khelo India Youth Games;

d) Khelo India University Games;

e) Khelo India Games for differently abled persons;

f) Khelo India Games for Indigenous Sports.

[F.No. 16/3/2020-BP&L]

NEERJA SEKHAR, Add. Secy.

**अधिसूचना**

नई दिल्ली, 1 मार्च, 2021

**का.आ. 976(अ).—**केन्द्रीय सरकार, खेल प्रसारण सिगनल (प्रसार भारती के साथ अनिवार्य हिस्सेदारी) नियम, 2007 के नियम 6 के उपनियम (1) के साथ पठित, खेल प्रसारण सिगनल (प्रसार भारती के साथ अनिवार्य हिस्सेदारी) अधिनियम, 2007 (2007 का 11) की धारा 2 की उप-धारा (1) के खंड (ध) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए और भारत सरकार के सूचना और प्रसारण मंत्रालय की अधिसूचना संख्यांक का.आ. 3264(अ), तारीख 22 अक्टूबर, 2016 को अधिक्रान्त करते हुए क्रिकेट के संबंध में राष्ट्रीय महत्व की खेल आयोजन को निम्नानुसार अधिसूचित करती है :-

(1) भारतीय पुरूष क्रिकेट टीम द्वारा खेले गए सभी अधिकृत एक-दिवसीय और बीस-20 मैच और ऐसे टेस्ट मैच, जो केन्द्रीय सरकार द्वारा अत्यधित लोकहित के समझे जाएं।

(2) पुरूष विश्व कप और अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट काउंसिल चैम्पियनशिप ट्राफी के सेमीफाइनल और फाइनल।

[फा.सं. 16/3/2020-बीपीएंडएल]

नीरजा शेखर, अपर सचिव

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 1st March, 2021

**S.O. 976(E).**—In exercise of the powers conferred by clause (s) of sub-section (1) of section 2 of the Sports Broadcasting Signals (Mandatory Sharing with Prasar Bharati) Act, 2007 (11 of 2007) read with sub-rule (1) of rule 6 of the Sports Broadcast Signals (Mandatory Sharing with Prasar Bharati) Rules, 2007, and in supersession of the notification of the Government of India in the Ministry of Information and Broadcasting number S.O. 3264(E), dated the 22nd October, 2016, the Central Government hereby notifies the sporting events with respect to cricket, as the sporting events of national importance, namely:-

1. All official One-Day and Twenty-20 matches played by the Indian Men's Cricket Team and such Test matches as are considered to be of high public interest by the Central Government;
2. Semi-finals and finals of Men's World Cup and International Cricket Council Championship Trophy.

[F.No. 16/3/2020-BP&L]

NEERJA SEKHAR, Add. Secy.

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. ALOK KUMAR Digitally signed by ALOK KUMAR Date: 2021.03.02 22:25:48 +05'30'